मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 5

PGDT-001

अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

(पी. जी. डी. टी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2022

पी.जी.डी.टी.-001 : अनुवाद : सिद्धान्त और प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

---

1. अनुवाद की भारतीय परम्परा पर एक निबन्ध लिखिए। 20

अथवा

अंत:भाषिक तथा अन्तर-भाषिक अनुवाद की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए इन दोनों में अन्तर कीजिए।

P. T. O.

2. लिप्यंतरण किसे कहते हैं ? अनुवाद में लिप्यंतरण के महत्व की चर्चा कीजिए। 20

अथवा

शिक्षा, व्यवसाय तथा प्रशासनिक क्षेत्रों में अनुवाद के महत्व का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 10

(क) अनुवाद के साधन–उपकरण

(ख) पुनर्नुवाद

(ग) अननुवाद्यता

(घ) अनुवाद में समतुल्यता का सिद्धान्त

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** अभिव्यक्तियों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : प्रत्येक 2

(क) After death the doctor

(ख) Bird's eye view

(ग) To add insult to injury

(घ) To build castles in the air

(ङ) As wise as an owl

(च) To be down on something

(छ) Familiarity breeds contempt

(ज) Early birds catch the worm

5. निम्नलिखित शब्दों को कोशक्रम में लिखिए : 10

(क) Well, word, worth, which, worm, warmth, woollen, wrestle, window, wake

(ख) व्यवहार, वाजिब, विस्तार, वानर, वृंदावन, विलासिता, वाचाल, वंदना, वंचित, वैराग्य

6. निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 10

The twentieth century has become multinational in its perspective and the need

for translations in all areas of human activity is more urgent today than it ever was in the past. The world is virtually shrinking and with that fact the need for translation is increasing more. In the creative literary world, writers travel more frequently and easily from one country to another : cultural and artistic exchanges between nation occur with greater frequency.

Or

Rice is the principal agricultural produce of Tamil Nadu. Naturally, the main items eaten in the morning, day time or in the evening are made of rice. Rice cooked with tamarind juice, spices, oil and salt makes the popular tamarind rice. Similarly, the other well-known rice dishes are made by cooking rice with coconut, tomato or curd with essential condiments (मसाले).

7. निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

रोजमर्रा की जिन्दगी जीते हुए जब हम अखबारों में दुनियाभर की घटनाओं के बारे में पढ़ते हैं तो आमतौर

पर हम ठहरकर उन घटनाओं के लंबे इतिहास के बारे में नहीं सोचते। चीज़ें हमारी आँखों के सामने बदलती रहती हैं लेकिन हम कभी यह नहीं सोचते कि वे बदल क्यों रही हैं ? बल्कि अक्सर हम इस बात पर भी ध्यान नहीं देते कि पहले चीज़ें ऐसी नहीं थीं। इन बदलावों पर लगातार नज़र रखना, यह समझना कि बदलाव क्यों और कैसे आ रहे हैं, और यह भी कि हम आज जिस दुनिया में जी रहे हैं, वह कैसे बनी है—यही इतिहास है।

अथवा

जब हम अपने आस-पास की चीज़ों के बारे में इतिहास की दृष्टि से सवाल उठाना सीख जाते हैं, तो इतिहास एक नया अर्थ ग्रहण कर लेता है। हमें रोज़मर्रा की साधारण चीज़ों को भी एक अलग कोण से देखने का

मौका मिल जाता है। हमें एहसास होने लगता है कि जो चीजें इतनी मामूली दिखाई देती हैं, उनका भी एक इतिहास है, जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इतिहास की इन यात्राओं के दौरान आप खुद महसूस करने लगेंगे कि इतिहास भी कितना दिलचस्प होता है।